Please check the examination details below before entering your candidate information

| नाम | कक्षा | विभाग |
|---|---|---|
| | | |

# BLOOM हिन्दी ओलम्पियाड (BHO)

## प्रश्न-पत्र 2024-25

**कक्षा 8**

कुल प्रश्न : 50 + 5 (Tie-Breaking सेक्शन)

**कुल निर्धारित समय :** 60 मिनट

**कुल अंक** : 60

## निर्देश

1. इस पुस्तिका में **50 बहुविकल्पीय प्रश्न** हैं, जिनके 4 विकल्प दिए गए हैं। इनमें से **सिर्फ एक विकल्प** सही है।
2. इस प्रश्न-पत्र को दो खण्डों में बाँटा गया है—**सेक्शन 'A'** और **सेक्शन 'B'**। सेक्शन A में 40 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है तथा सेक्शन B में 10 प्रश्न हैं, जो उच्च चिंतन कौशल पर आधारित हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।
3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं। किसी भी गलत उत्तर के लिए **नकारात्मक अंक** नहीं दिया जाएगा।
4. पूरे प्रश्न-पत्र को करने के लिए 1 घण्टे का समय निर्धारित है।
5. पेपर को करने से पहले नीचे दिए गए स्थान में अपनी जानकारी अवश्य भरें।

## OMR शीट निर्देश

1. पेपर शुरू करने से पहले OMR शीट में सभी जानकारी भरें।
2. पेपर शुरू होने से पहले OMR शीट भरने के लिए 10 मिनट अधिक दिए जाएँगे।
3. OMR शीट में सही गोले को भरने के लिए HB पेन्सिल का प्रयोग करें। OMR शीट में सही तरह से गोला भरने का तरीका नीचे दिया गया है।

   ● ○ ○ ○
4. OMR शीट में सभी जानकारी भरने के लिए काले या नीले बॉल पेन या HB पेन्सिल का प्रयोग कर सकते हैं। आंशिक रूप से भरी गई OMR शीट की जाँच नहीं की जाएगी।
5. पेपर समाप्त होने के बाद OMR शीट निरीक्षक को वापस कर दें।

CODE #179

**HI8**

BLOOM CAP
Founded by arihant

## सेक्शन 'A' (1 अंक)

**1.** निम्नलिखित में से कौन-सा वर्ण अंतःस्थ व्यंजन नहीं है?
(a) य् (b) र्
(c) व् (d) ह्

**2.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम है?
(a) दिन (b) दिवस
(c) रोज (d) सवेरा

**3.** बालक पढ़ते-पढ़ते सो गया। रेखांकित पदबंध है
(a) संज्ञा पदबंध (b) क्रिया पदबंध
(c) सर्वनाम पदबंध (d) क्रिया-विशेषण पदबंध

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा है?
(a) लड़का (b) कुत्ता
(c) दिल्ली (d) नदी

**5.** 'चिड़िया' का बहुवचन रूप क्या है?
(a) चिड़िएँ (b) चिड़ियाँ (c) चिड़ें (d) चिड़ियाएँ

**6.** चिड़िया छत पर बैठी है। रेखांकित पद में कौन-सा कारक है?
(a) सम्बन्ध कारक (b) अधिकरण कारक
(c) कर्म कारक (d) सम्प्रदान कारक

**7.** 'सुन्दर' शब्द का प्रयोग किसके गुण, धर्म आदि का बोध कराने के लिए किया जाता है?
(a) क्रिया (b) संज्ञा
(c) लिंग (d) अव्यय

**8.** 'पढ़ना' किस प्रकार की क्रिया है?
(a) सकर्मक क्रिया (b) अकर्मक क्रिया
(c) प्रेरणार्थक क्रिया (d) अपूर्ण क्रिया

**9.** 'प्रधानमन्त्री द्वारा पुल का उद्‌घाटन किया गया।' यह वाक्य किस वाच्य में है?
(a) कर्मवाच्य (b) कर्तृवाच्य
(c) भाववाच्य (d) अकर्मवाच्य

**10.** 'नदीश' शब्द किस सन्धि का उदाहरण है?
(a) अयादि सन्धि (b) यण् सन्धि
(c) गुण सन्धि (d) दीर्घ सन्धि

**11.** 'प्रयोगशाला' में कौन-सा समास है?
(a) द्वन्द्व (b) तत्पुरुष
(c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

**12.** 'दुस्साहस' शब्द में कौन-सा उपसर्ग है?
(a) दुर् (b) दु
(c) दुस् (d) दुस

**13.** 'ऐच्छिक' शब्द में मूल शब्द है
(a) अच्छा (b) इच्छा
(c) ऐच्छा (d) ऐषणा

**14.** 'अन्यथा' शब्द में कौन-सा अव्यय है?
(a) निपात (b) क्रिया-विशेषण
(c) सम्बन्धबोधक (d) समुच्चयबोधक

**15.** ''आसमान के तारे तोड़ना'' मुहावरे का क्या अर्थ है?
(a) बहुत कठिन कार्य करना (b) आकाश को छूना
(c) दौलतमन्द बनना (d) असम्भव कार्य करना

**16.** ''उसके मुख से चन्द्रमा भी शरमा गया।'' इसमें कौन-सा अलंकार है?
(a) रूपक (b) उपमा
(c) उत्प्रेक्षा (d) अनुप्रास

**17.** 'ज्ञान' का पर्यायवाची शब्द क्या है?
(a) अज्ञान (b) बोध
(c) ज्ञानी (d) इनमें से कोई नहीं

**18.** भाषा में नियमों की जानकारी देने वाला शास्त्र है
(a) व्याकरण (b) लिपि
(c) भाषा (d) बोली

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द शुद्ध नहीं है?
(a) अनन्तिम (b) अनुदैर्ध्य
(c) ब्रम्हा (d) वैधर्म्य

**20.** ''खाना खाया गया।'' यह कौन-सा वाच्य है?
(a) कर्तृवाच्य (b) कर्मवाच्य
(c) भाववाच्य (d) अकर्मवाच्य साधारण

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है?
(a) हरा (b) बड़ा
(c) चल (d) नन्हा

**22.** 'वह' शब्द किस प्रकार का सर्वनाम है?
(a) निश्चयवाचक (b) अनिश्चयवाचक
(c) सम्बन्धवाचक (d) पुरुषवाचक

**23.** 'दिगम्बर' में कौन-सा समास है?
(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष
(c) बहुव्रीहि (d) द्वन्द्व

**24.** निम्नलिखित में से किस शब्द की वर्तनी सही है?
(a) प्रदर्शिनी (b) पूज्यनीय
(c) अतीशयोक्ति (d) सुश्रूषा

**25.** 'गीतांजलि' शब्द में कौन-सी सन्धि है?
(a) यण् सन्धि (b) दीर्घ सन्धि
(c) गुण सन्धि (d) अयादि सन्धि

**26.** निम्नलिखित में से किस विधा का सम्बन्ध पत्रकारिता से नहीं है?
(a) साक्षात्कार (b) रिपोर्ताज
(c) स्तम्भ लेखन (d) डायरी

**27.** 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक प्रसिद्ध नाटककार .......... द्वारा लिखा गया है।
(a) मोहन राकेश (b) रामनाथ शर्मा
(c) हरिवंशराय बच्चन (d) सुभद्राकुमारी चौहान

**28.** 'झाँसी की रानी' कविता के रचनाकार कौन हैं?
(a) रामधारी सिंह दिनकर (b) सुभद्राकुमारी चौहान
(c) बच्चन (d) त्रिलोचन

**29.** 'चन्द्रकान्ता' शब्द का अर्थ है
(a) रात (b) दिशा
(c) सुन्दर (d) चाँदनी

**30.** सम्राट शब्द का स्त्रीलिंग क्या है?
(a) सम्राटी (b) सम्राज्ञी
(c) सम्राटिनी (d) सम्राटिन

**31.** कृष्ण का अर्थ है
(a) श्याम वर्ण (b) सफेद वर्ण
(c) भगवान (d) विष्णु

**32.** शरतचन्द्र चट्टोपाध्याय किस भाषा के लेखक हैं?
(a) पंजाबी (b) असमिया
(c) हिन्दी (d) बंगाली

**33.** रेल किस भाषा का शब्द है?
(a) फ़ारसी (b) फ्रेन्च
(c) अंग्रेजी (d) पुर्तगाली

**34.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'कर्तृवाच्य' है?
(a) राम ने मिठाई खाई।
(b) मिठाई राम द्वारा खाई गई थी।
(c) राम ने जो मिठाई खाई, वह बहुत स्वादिष्ट थी।
(d) मिठाई खाई गई।

**35.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में काल का भेद गलत है?
(a) वह कल बाजार गया था।
(b) मैं अभी भोजन कर रहा हूँ।
(c) वे सुबह से सो रहे होंगे।
(d) उसने कल पत्र लिखा होगा।

**36.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'वाच्य' की दृष्टि से सही नहीं है?
(a) छात्रों द्वारा गृहकार्य किया गया।
(b) छात्रों ने गृहकार्य किया।
(c) छात्र से चला नहीं जाता।
(d) छात्र को गृहकार्य मिला।

**37.** 'शब्दों के चयन' का कौन-सा वाक्य सही है, जहाँ 'पदबन्ध' स्पष्ट हो?
(a) तेज दौड़ा छात्र और जीता।
(b) छात्र तेज दौड़कर जीता।
(c) सबसे तेज दौड़ने वाला छात्र जीत गया।
(d) दौड़कर छात्र सबसे जीत गया।

**38.** 'ऋ' किस प्रकार का स्वर है?
(a) ह्रस्व स्वर
(b) दीर्घ स्वर
(c) प्लुत स्वर
(d) इनमें से कोई नहीं

**निर्देश** (प्रश्न संख्या 39-40) दिए गए गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक बार स्वामी विवेकानन्द जापान में रेल से एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा कर रहे थे। रास्ते में उनकी फल खाने की इच्छा हुई। इधर-उधर बहुत खोजने के बाद जब फल नहीं मिले, तो उनके मुँह से निकला, यह जापान कैसा देश है कि जहाँ फल भी नहीं मिलते। उनके पास बैठे एक जापानी युवक के कानों में ये शब्द पड़े, तो उसे बुरा लगा। अगले स्टेशन पर वह उतरा और थोड़ी ही देर में जब लौटा,

तो उसके हाथ में फलों की टोकरी थी। बड़े प्रेम से उसने वे फल स्वामी जी के सामने रख दिए। स्वामी जी ने मुस्कुराकर उसे धन्यवाद दिया। फिर पूछा ''इन फलों के दाम कितने हैं?'' नौजवान ने धीमे स्वर में कहा, ''बस इतने ही कि आप भारत जाकर यह न कहें कि मेरे देश जापान में फल नहीं मिलते।''

**39.** जापानी युवक किसके पास बैठा हुआ था?

(a) स्वामी विवेकानन्द

(b) जवाहरलाल नेहरू

(c) महात्मा गाँधी

(d) उपरोक्त सभी

**40.** स्वामीजी ने क्या चीज न मिलने के कारण जापान की निन्दा की?

(a) फल

(b) रेल का टिकट

(c) भारतीय पकवान

(d) उपरोक्त सभी

## सेक्शन 'B' (2 अंक)

**41.** नीचे दिए गए युग्मों में से गलत युग्म का चयन कीजिए।

1. विद्यालय – विद्या + आलय
2. मनोरथ – मनः + रथ
3. महोदय – मः + उदय
4. स्वार्थी – स्व + अर्थी

**कूट**

(a) केवल 1 (b) केवल 2 (c) केवल 3 (d) 2 और 4

**42.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | विश्रामगृह | 1. | अव्ययीभाव समास |
| B. | माता-पिता | 2. | कर्मधारय समास |
| C. | मुख्यमन्त्री | 3. | द्वन्द्व समास |
| D. | प्रतिवर्ष | 4. | तत्पुरुष समास |

**कूट**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**43.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | भूतकाल | 1. | वह सो रहा है। |
| B. | वर्तमानकाल | 2. | वह आएगा। |
| C. | भविष्यतकाल | 3. | वह जा चुका था। |
| D. | पूर्ण भूतकाल | 4. | उसने पुस्तक पढ़ी। |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

**44.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | बड़ा | 1. | संख्यावाचक विशेषण |
| B. | चार | 2. | गुणवाचक विशेषण |
| C. | कुछ | 3. | परिमाणवाचक विशेषण |
| D. | भारी | 4. | गुणवाचक विशेषण |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (c) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (d) | 1 | 3 | 2 | 4 |

**45.** सुमेलित कीजिए

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| A. | उपमा | 1. | वह सिंह के समान बलवान है। |
| B. | अनुप्रास | 2. | काव्य के कोमल केशों में |
| C. | यमक | 3. | जेते तुम तारे, तेते नभ में न तारे हे। |
| D. | श्लेष | 4. | मन में है विश्वास, आगे बढ़ेंगे हम। |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (d) | 3 | 1 | 4 | 2 |

**46.** **कथन** (A) स्वर वर्ण स्वतः उच्चरित होते हैं।

**कारण** (R) वर्णों के उच्चारण में हवा मुँह से बिना किसी रुकावट के निकलती है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**47.** **कथन** (A) तद्‌भव शब्द संस्कृत से रूप परिवर्तन के बाद हिन्दी में प्रयुक्त हुए हैं।

**कारण** (R) तत्सम शब्द संस्कृत से यथावत लिए गए हैं।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**48.** **कथन** (A) व्यक्तिवाचक संज्ञा किसी विशेष व्यक्ति, स्थान या वस्तु का बोध कराती है।

**कारण** (R) गंगा, भारत और राम व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**49.** दिए गए कथनों पर विचार कर सही कथन चुनिए

1. सम्बोधन पत्र पाने वाले में पत्र पढ़ने की उत्सुकता जागृत करता है।
2. मानव जीवन में पत्रों का अत्यधिक महत्त्व है।
3. पत्र में लिखने वाले का पता व दिनांक का उल्लेख होना चाहिए।

**कूट**

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 2 और 3 (d) ये सभी

**50.** **कथन** (A) अकर्मक क्रिया के लिए कर्म का होना आवश्यक नहीं होता।

**कारण** (R) अकर्मक क्रिया वह क्रिया होती है, जिसमें क्रिया का प्रभाव कर्म पर पड़ता है।

**कूट**

(a) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या है।

(b) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, लेकिन कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(c) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(d) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

## Tie-Breaking सेक्शन

**निर्देश**

1. इस खण्ड में 5 प्रश्न हैं।
2. इस खण्ड में प्राप्त अंकों को कुल अंकों में नहीं जोड़ा जाएगा।
3. यदि दो या दो से अधिक छात्रों के समान अंक आते हैं, तो उनमें विजेता का चयन इस खण्ड में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
4. इस खण्ड को करना अनिवार्य नहीं है। छात्र इसे कर भी सकते हैं और नहीं भी।

**1.** अधोलिखित पंक्ति में आए सही अलंकार को चुनिए
''कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए।
हिम के कणों से पूर्ण मानों हो गए पंकज नए।''
(a) उत्प्रेक्षा (b) अतिशयोक्ति (c) रूपक (d) श्लेष

**2.** ''शीला अपने कपड़े स्वयं धोती है।'' रेखांकित शब्द किस सर्वनाम शब्द का भेद है?
(a) पुरुषवाचक सर्वनाम (b) निजवाचक सर्वनाम
(c) निश्चयवाचक सर्वनाम (d) इनमें से कोई नहीं

**3.** **कथन** 1 जिस शब्द से संज्ञा या सर्वनाम के गुण, रूप, रंग आदि का बोध होता है, उसे गुणवाचक विशेषण कहते हैं।
**कथन** 2 ताजा, वर्तमान, नीचा, सुडौल, मोटा, नीला, हरा और लखनवी गुणवाचक विशेषण के उदाहरण हैं।

**कूट**
(a) कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं।
(b) कथन 1 और 2 दोनों असत्य हैं।
(c) कथन 1 सत्य है, किन्तु कथन 2 असत्य है।
(d) कथन 1 असत्य है, किन्तु कथन 2 सत्य है।

**4.** सुमेलित कीजिए

| | **सूची I** (मुहावरा) | | **सूची II** (अर्थ) |
|---|---|---|---|
| A. | मैदान मारना | 1. | बुरी तरह हराना |
| B. | घात लगाना | 2. | धोखा देना |
| C. | छक्के छुड़ाना | 3. | जीतना |
| D. | चकमा देना | 4. | अवसर की ताक में रहना |

| | A | B | C | D | | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 | (b) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (c) | 1 | 2 | 3 | 4 | (d) | 2 | 1 | 4 | 3 |

**5.** दिए गए विकल्पों में 'सुधि' का बहुवचन कौन-सा है?
(a) सुधियों
(b) सुधीगण
(c) सुधीजन
(d) सुधिजन